दिन– बुधवार दिनांक– 31 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार सरकार ने दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान में तीन छात्रों की मौत के बाद राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों की जाँच के आदेश दिए।

02. संघ लोक सेवा आयोग ने ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के चयन को रद्द किया। भविष्य में सभी परीक्षाओं में शामिल होने पर लगाई रोक।

03. कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा–राज्य में कम वर्षा के कारण किसानों को हो रही परेशानी के मदेनजर दिया जा रहा है डीजल अनुदान।

04. और, पेरिस ओलंपिक में पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, सृजा अकुला और दीपिका कुमारी का शानदार प्रदर्शन। भारत के लिए कई और मेडल की उम्मीद जगी।

---

शिक्षामंत्री सुनील कुमार ने सभी जिलाधिकारियों को अपने–अपने जिलों में कोचिंग संस्थानों की जाँच के आदेश दिए है। श्री कुमार ने कहा कि दिल्ली की घटना से सबक लेकर राज्यभर के कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानको के अनुपालन और अन्य बिन्दुओं की जाँच आवश्यक रूप से होगी।

———बाईट———

---

दिल्ली के कोचिंग घटना के बाद पटना जिलें में विभिन्न स्थानों पर कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा प्रबंध के सत्यापन का कार्य जारी है। अलग–अलग अनुमंडलों में अनुमंडल पदाधिकारियों के नेतृत्व में कोचिंग संस्थानों की जांच की जा रही है। इस दौरान कोचिंग संस्थान में लाईसेंस, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और आकस्मिक स्थिति से निपटने के इंतजाम की जांच की गई। इधर, पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने कोचिंग संचालको के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि जाँच के दौरान कई अनियमितताएं सामने आयी है। जिसे लेकर कोचिंग संचालको को व्यवस्था में सुधार के लिए एक महीने का समय दिया गया है।

———बाईट———

———————————————————————————

इधर, दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में यूपीएससी की तैयारी कर रहे  छात्रों की मृत्यु पर दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम को फटकार लगाई है। न्यायालय ने कहा कि ऐसी त्रासदियां होना तय है जब मुफ्तखोरी की संस्कृति के कारण करों का संग्रहण नहीं होता है। न्यायालय ने कहा कि ये मामला स्पष्ट रूप से आपराधिक उपेक्षा का है और प्रशासन अगर जिम्मेदारी नहीं लेता है तो न्यायालय सीधे आदेश पारित कर देगा।

———————————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग ने ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की अस्थायी उम्मीदवारी रद्द कर दी है। साथ ही उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं से प्रतिबंधित भी कर दिया है। आयोग ने उपलब्ध रिकॉर्ड की जांच के बाद सुश्री खेडकर को सिविल सेवा परीक्षा दो हजार बाईस नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया है। आयोग ने इससे पहले उसे फर्जी पहचान दिखाकर स्वीकार्य सीमा से अधिक धोखाधड़ी कर लाभ उठाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था। सुश्री खेडकर निर्धारित समय के भीतर स्पष्टीकरण देने में विफल रहीं। गौरतलब है कि दो हजार तेईस बैच की ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ यूपीएससी ने पहचान बलदकर निर्धारित सीमा से अधिक बार सिविल सर्विस परीक्षा देने के मामले में प्राथमिकी भी दर्ज करायी थी। आयोग ने कहा है कि पिछले पन्द्रह वर्षों में पन्द्रह हजार से अधिक अंतिम रूप से अनुशंसित उम्मीदवारों के आंकड़ों की भी गहन जांच की गई। आयोग मानक संचालन प्रक्रिया को और मजबूत करेगा ताकि भविष्य में ऐसा मामला दोबारा न हो।

———————————————————————————

पूर्व आईएएस अधिकारी प्रीति सूदन को संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। श्रीमती सूदन उन्नीस सौ तेरासी बैच की आईएएस अधिकारी है। वे जुलाई दो हजार बीस में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में सचिव पद से सेवा निवृत हुईं थी। गौरतलब है कि यूपीएससी अध्यक्ष मनोज सोनी के पिछले दिनों अपने पद से इस्तीफा देने के कारण ये पद रिक्त हो गया था। श्रीमती सूदन शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करेंगी।

———————————————————————————————————

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पार्टी पर देश में जाती के नाम पर विभाजन करने का आरोप लगाया है। आज लोकसभा में जातीय जनगणना पर विपक्ष के हंगामे की आलोचना करते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सैन्य बलों के खिलाफ टिप्पणी करके देश को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। श्री रिजिजू ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस देश में हिंसा भड़काने की कोशिश कर रही है।

———बाईट———

कांग्रेस पार्टी सुबह–शाम, दिन–रात जाति, जाति, जाति करते रहते हैं। भारत जोडो यात्रा करता है वो हर आदमी से जाति पूछता है। जाति पूछ–पूछ कर देश का विभाजन करने का षडयंत्र कांग्रेस ने किया है। और जब राहुल गांधी का जाति का बात हुआ तो फिर वो इतना हंगामा कर रहे हैं।

इससे पहले आज लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी पार्टियों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी और अन्य सदस्य अपनी मांग के समर्थन में सदन के बीचोंबीच पहुंच गए। जिसके कारण अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

———————————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा देश में पहली बार इस परियोजना के तहत समुद्र के तीस मीटर नीचे इक्कीस किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण किया जा रहा है।

———बाईट———

बुलेट ट्रेन की डिजाइन में एक अहम अध्ययन के साथ बहुत ध्यान से और जापान के जो सबसे अच्छे एक्स्पट्र्स हैं उन एक्सपट्र्स के साथ चर्चा करके ट्रेन डिजाइन किया गया है। इसका जो फाउंडेशन है और जो पिलर है और जो वायर डक्ट है करीब–करीब उसमें तीन सौ बीस किलोमीटर का ग्रेस हो गया है। टोटल प्रोजेक्ट पांच किलोमीटर का है लेकिन जैसे ही श्री शिंदे जी और देवेन्द्र फडणवीस जी की सरकार आई तुरंत उन्होंने सारी परमिशन्स ली। स्टेशन का काम बडी तेजी से चल रहा है।देश के लोगों का जाति पूछेंगे राहुल गांधी के जाति को नहीं पूछ सकते हैं।

———————————————————————————————————

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एनटीए के गठन के बाद से पांच करोड़ से अधिक उम्मीदवार एनटीए द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में शामिल हुए हैं। राज्यसभा में आज एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री प्रधान ने कहा कि एनटीए ने अब तक दौ सौ पचास परीक्षाएं आयोजित की हैं। उन्होंने सदन को यह

भी बताया कि पिछले दस वर्षों में सरकार ने मेडिकल सीटें बढ़ाकर एक लाख दस हजार कर दी है। देशभर में कोचिंग सेंटरों की बढ़ती संख्या पर सदस्यों की भावनाओं को दोहराते हुए, श्री प्रधान ने कहा कि सरकार चाहती है कि कोई कोचिंग सेंटर न हो और प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो। शिक्षामंत्री ने सरकारी स्कूलों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।

———————————————————————————

पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने अपने आखिरी ग्रुप मैचों में शानदार जीत दर्ज कर भारत के लिए मेडल की उम्मीद जगा दी है। सिंधु ने अपनी प्रतिद्वंद्वी क्रिस्टीन कुबा को सीधे सेटो में एक्कीस–पाँच, एक्कीस–दस से हरा कर प्री क्वार्टर में प्रवेश कर लिया। वही, लक्ष्य सेन ने पुरूष सिंगल बैडमिंटन में विश्व के नंबर तीन खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को इक्कीस–अठारह, इक्कीस–बारह से पराजित कर प्री क्वार्टर में जगह बना ली है। इधर, टेबल टेनिस में सृजा अकुला और तिरंदाजी में दीपिका कुमारी ने भी अपने–अपने मुकाबले जीतकर मेडल राउंड में प्रवेश कर लिया है।

———————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि राज्य में किसानों को डीजल अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। पटना के कृषि भवन में आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि इस वर्ष राज्य में औसत से बहुत कम बारिश हुई है। जिसके कारण किसानों को रोपणी कार्य में काफी समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत पहुँचाने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीजल अनुदान दिया जा रहा है।

———बाईट———

———————————————————————————

पूरे प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधि कमजोर बनी हुई है। जिसके कारण राज्य के अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक राज्य में औसत से सैंतीस प्रतिशत कम बारिश हुई है।

मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान पटना समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर मध्यम वर्षा की संभावना है। वहीं, प्रदेश के उत्तरी भागों में हल्की वर्षा हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————————

वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के लिए आयकर रिटर्न भरने का आज अंतिम दिन है। कल तक देशभर में छह करोड़ नौ हजार से अधिक लोग रिटर्न दाखिल कर चुके हैं। पिछले वर्ष इकतीस अगस्त तक छह करोड़ नब्बे लाख लोगों ने अपना आईटीआर भरा था।

———————————————————————————

पूर्णियां पुलिस ने लाईन बाजार स्थित ज्वेलरी शोरूम में पिछले दिनों हुई करोड़ों की लूटकांड का खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक उपेन्द्रनाथ वर्मा ने बताया कि इस मामले में अब तक चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अपराधियों ने पटना के बेउर जेल में डकैती की योजना की और बाहर के अपराधियों के सहायता से घटना को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एसटीएफ और जिला पुलिस की दस टीमें अगल–अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है। जल्द ही घटना में शामिल अन्य अपराधियों की भी गिरफ्तारी हो जाएगी।

———————————————————————————

खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोलहनिया पुल के पास वाहन जाँच के दौरान पुलिस ने दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अरवल जिले में शिक्षा कोष पोर्टल पर नामांकन कम पाये जाने से नाराज जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है।

———————————————————————————

कैमूर जिले में दुर्गावती थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जाँच के दौरान एक कार से दो सौ छियालीस लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

01. बिहार सरकार ने दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान में तीन छात्रों की मौत के बाद राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों की जाँच के आदेश दिए।
02. संघ लोक सेवा आयोग ने ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के चयन को रद्द किया। भविष्य में सभी परीक्षाओं में शामिल होने पर लगाई रोक।
03. कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा—राज्य में कम वर्षा के कारण किसानों को हो रही परेशानी के मदेनजर दिया जा रहा है डीजल अनुदान।
04. और, पेरिस ओलंपिक में पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, सृजा अकुला और दीपिका कुमारी का शानदार प्रदर्शन। भारत के लिए कई और मेडल की उम्मीद जगी।

———————————————————————————

समाप्त